उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 141/2018/2354/छप्पन-2018-05/2013
लखनऊ, दिनांक: 17 दिसम्बर, 2018

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2116/छप्पन-2012-35/2010, दिनांक 03 जनवरी, 2013 द्वारा श्री मुकेश सिंह मेहता को प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपए 31,000/- (रूपए इकत्तीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में श्री मुकेश सिंह मेहता द्वारा दिनांक 07 जनवरी, 2013 के पूर्वाह्न में अपना कार्यभार ग्रहण किया था, जिसकी अवधि दिनांक 06 जनवरी, 2015 को समाप्त हो गयी थी। तदुपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढ़ायी गई है। अंतिम बार कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 1808/छप्पन-2017-05/2013, दिनांक 01 दिसम्बर, 2017 द्वारा श्री मुकेश सिंह मेहता की संविदा अवधि दिनांक 07 जनवरी, 2018 से दिनांक 06 जनवरी, 2019 तक (अर्थात 01 वर्ष) के लिए बढ़ाई गयी थी, जो दिनांक 06 जनवरी, 2019 को समाप्त हो रही है। अत: निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा श्री मुकेश सिंह मेहता की संविदा सेवा अवधि दिनांक 07 जनवरी, 2019 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 06 जनवरी, 2020 तक) के लिए बढ़ाये जाने की संस्तुति की गई है।

2- अत: निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 30 अक्टूबर, 2018 पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री मुकेश सिंह मेहता की संविदा अवधि दिनांक 07 जनवरी, 2019 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 06 जनवरी, 2020 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रु0 60,969/- (रूपए साठ हजार नौ सौ उनहत्तर मात्र) एवं अनुमन्य वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि (यथा समय) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री मुकेश सिंह मेहता की सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री मुकेश सिंह मेहता से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री मुकेश सिंह मेहता,
प्रवक्ता (एवियानिक्स) (संविदा),
एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

संख्या: 141/2018/2354(1)/छप्पन-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री मुकेश सिंह मेहता से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7

6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

7- कार्मिक अनुभाग-1

8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।